# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** "मिशन शक्ति अभियान-5" के तहत आज दिनांक 29.06.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री जयकरन सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद चित्रकूट के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामों में भ्रमण किया गया। महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के अलावा जागरुकता हेतु चलाए जा रहे अभियानों के बारे में सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतों को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 29.06.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थो की तस्करी/बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग खोही व उनकी टीम द्वारा अभियुक्त हिमांशू यादव पुत्र स्व0 नारायण दास यादव निवासी शिवनगर

कालोनी मण्डी रोड टीकमगढ़ जिला टीकमगढ़ म0प्र0 को एक सफेद रंग के झोले में हरे रंग की पॉलीथीन में 01 किलो 200 ग्राम नाजायज सूखा गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**बरामदगी-**

01 किलो 200 ग्राम नाजायज सूखा गांजा

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1.उ0नि0 श्री रमेश सिंह चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग खोही
2.उ0नि0 श्री राजेश चौरसिया
3.आरक्षी अभिषेक प्रताप सिंह
4.आरक्षी अमर सिंह
5.आरक्षी आशीष कुमार

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली कर्वी पुलिस टीम द्वारा 08 जुआरियों को जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया।

(i). उ0नि0 श्री किशन कुमार व उ0नि0 विजय कुमार मय हमराह आरक्षी राहुल देव,आरक्षी नीतू द्विवेदी व आरक्षी राहुल पाण्डेय, द्वारा अभियुक्त 1.बृजेश कुमार पुत्र सत्यनारायण निवासी मुलायमनगर थाना कोतवाली कर्वी 2.अनुराग पुत्र धनराज 3.रामविलास पुत्र रामनरेश 4.पंकज पुत्र रामकेश निवासीगण इटरौर भीषमपुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को ताश के पत्तों में हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ से मालफड 1220 रु0, 52 अदद ताश के पत्ते तथा जामा तलाशी से कुल 400 रुपये बरामद किये गये।

(ii). उ0नि0 श्री विवेक सिंह मय हमराह आरक्षी शिवपूजन द्वारा अभियुक्त 1. हरीमोहन सिंह पटेल पुत्र रविकरन निवासी कुंजनपुरवा कसहाई कर्वी 2.विनोद वर्मा पुत्र रामनिषाद वर्मा निवासी रेहुटा थाना पहाड़ी 3.रोहित कुमार पुत्र नंदगोपाल निवासी मंडी गेट शंकर बाजार कोत0 कर्वी 4.मानसिंह पटेल पुत्र स्व0 नत्थू निवासी गल्ला मंडी रोड शंकर बाजार थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को ताश के पत्तों में हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ से मालफड 14250 रु0, 52 अदद ताश के पत्ते तथा जामा तलाशी से कुल 200 रुपये बरामद किये गये। अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में धारा 13 जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया

**(5).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण/बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष सरधुवा श्री राम सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री अरविन्द कुमार पाण्डेय व उनकी टीम द्वारा अभियुक्त कमलेश यादव पुत्र दशरथ निवासी बनकट थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को एक प्लास्टिक के झोले में 15 क्वार्टर मस्तीहू देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना सरधुवा में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**बरामदगी**

15 क्वार्टर देशी शराब मस्तीहू

**गिरफ्तार करने वाली टीम**

1.उ0नि0 श्री अरविन्द कुमार पाण्डेय थाना सरधुवा

2.आरक्षी दीपांकर सिंह

**(6).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में गुमशुदा/अपहृतों की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में आरक्षी अभिषेक यादव व महिला आरक्षी सीमा पाल द्वारा परिक्रमा मार्ग में परिवार से बिछड़ी बालिका को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

उल्लेखनीय है कि आज दिनांक 29.06.2025 को सुनील कुमार निवासी भक्तन का पूरवा मंझनपुर जनपद कौशाम्बी द्वारा सूचना दिया गया कि परिक्रमा कर रहे थे कि मेरी पुत्री अंजली उम्र 7 वर्ष कही पर खो गयी है। इस सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा खोजबीन कर बच्ची को बरामद कर उसके पिता सुनील कुमार को सुपुर्द किया गया। बच्ची को पाकर उनके पिता द्वारा पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा की गई।